## गंगानगर स्थापना दिवस पर 3 दिन गंग महोत्सव

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को तीन दिवसीय 'गंग महोत्सव 2025' की शुरूआत खेल प्रतियोगिताओं से हुई।

महाराजा गंगासिंह स्टेडियम में हुए उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू और विधायक जयदीप बिहाणी ने खिलाड़ियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और खेल भावना से खेलने का आव्हान किया। महोत्सव की शुरूआत हॉकी, वॉलीबॉल और खो-खो प्रतियोगिताओं से हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। जिला कलेक्टर डॉ मंजू और अतिथियों ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आयोजन जिले की सांस्कृतिक और खेल विरासत को मजबूत बनाते हैं। खेल प्रतियोगिताओं का जायजा लेने गंगासिंह खेल स्टेडियम में श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी व जिला कलेक्टर डॉ मंजू पहुंची।

उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने युवाओं से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और सकारात्मक सोच के साथ खेलों में भाग लेने का आव्हान किया। 26 अक्टूबर को सुबह 11 बजे महाराजा गंगासिंह स्टेच्यू सर्किल पर माल्यार्पण, 11:30 बजे शिवपुर हैड पर पूजा-अर्चना और पौधरोपण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, ग्रामीण हाट, फूड स्टॉल और हस्तशिल्प प्रदर्शनी लगाई जायेगी।

# जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे बीसीएमओ को चार्टशीट

**बीकानेर,** (कासं)। पूगल तहसील की ग्राम पंचायत शिवनगर में 25 साल बाद किसी जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की। कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने शनिवार को ग्राम पंचायत शिवनगर में जनसुनवाई की तो ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आई।

जनसुनवाई में ग्रामीणों ने रास्ते, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य सुरक्षा आदि से संबंधित करीब

- **पूगल तहसील की ग्राम पंचायत शिवनगर में 25 साल बाद किसी जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई की**



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पूगल तहसील की ग्राम पंचायत शिवनगर में जनसुनवाई में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी।**

50 प्रकरणों को जिला कलेक्टर के समक्ष रखा तो जिला कलेक्टर वृष्णि ने ज्यादातर प्रकरणों का मौक पर ही निस्तारण कर दिया। जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे बीसीएमओ को जिला कलेक्टर ने चार्जशीट देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर को ग्रामीणों ने बताया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र के लिए पट्टा जारी हो गया लेकिन बिल्डिंग अब तक नहीं बनी। इस पर जिला कलेक्टर ने एमओ को बिल्डिंग निर्माण से संबंधित प्रपोजल भिजवाने के निर्देश दिए। रास्ते के एक प्रकरण में बताया कि रास्ते में कीकर और बबूल के पेड़ बड़ी संख्या में खड़े हैं। जिला कलेक्टर ने बीडीओ को रास्ता साफ करवाने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों ने बताया कि अभी उनके यहां बिजली बज्जू से आती है। अगर 33 केवी जीएसएस का कार्य जल्द पूर्ण हो जाए तो उनके यहां बिजली की समस्या का भी समाधान हो जायेगा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी 15 दिन में कार्य पूरा हो जायेगा। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई के बाद जन विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। साथ ही जिला कलेक्टर ने ग्रामीण सेवा शिविर की जानकारी ली और कहा कि ये शिविर सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। लिहाजा इनका बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कर आमजन को अधिक से अधिक राहत पहुंचाएं। विदित है कि ग्राम पंचायत शिवनगर पूगल तहसील मुख्यालय से करीब 65 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से करीब सवा सौ किलोमीटर दूर है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी अन्य दो जिला कलेक्टरों की जनसुनवाई का प्रोग्राम बना था लेकिन ऐनवक्त पर रद्द हो गया था। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने जनसुनवाई की तो ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर का आभार प्रकट किया। जनसुनवाई में सीईओ जिला परिषद सोहनलाल, एसडीएम पूगल दिव्या बिश्नोई, विकास अधिकारी गोपाराम, तहसीलदार अशोक पारीक, सरपंच रोशनी मेघवाल, गिरदावर रामलाल, पटवारी चैनाराम व नरेश, ग्राम विकास अधिकारी विजेन्द्र मीणा समेत 26 विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी समेत करीब 150 ग्रामवासी मौजूद थे।

## ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज

**बज्जू,** (कासं)। बज्जू में पेथड़ों की ढाणी निवासी महिला ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कोलायत न्यायालय के आदेश पर बज्जू पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पीड़िता ने अपने पति महेन्द्र कुमार मेघवाल, ससुर रेवंतराम, सास पप्पू देवी और काका ससुर भगवानाराम मेघवाल पर दहेज की मांग पर उसे घर से निकालने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उसने कोलायत न्यायालय में कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस में दर्ज एफआईआर के अनुसार 20 साल की पीड़ित महिला की शादी साल 2023 में लोहिया गांव निवासी महेन्द्र कुमार मेघवाल के साथ हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार उपहार स्वरूप दहेज दिया था।

हालांकि ससुराल वालों ने इसे कम बताते हुए बाइक और डेढ़ लाख रूपए की मांग शुरू कर दी। पति, सास-ससुर और काका ससुर लगातार ताने मारकर उसे परेशान करने लगे। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने पीहर में दी तो उन्होंने घर बसाने की सलाह देकर उसे ससुराल वापस भेज दिया। इसके बावजूद ससुराल वाले दहेज के लिए झगड़ा करते रहे और कई बार पंच-पंचायती भी हुई। अगस्त माह में सभी आरोपियों ने मिलकर उसे घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विवाह के दौरान उसके पिता द्वारा उपहार स्वरूप दिया गया पैसा और आभूषण भी हड़प लिए गए।

## सार-समाचार

### बिगड़ी कानून व्यवस्था पर विरोध




**बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसजनों ने गांधी प्रतिमा के सामने मौन व्रत रख विरोध जताया।**

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान में बिगड़ती कानून व्यवस्थाओं को लेकर मौन व्रत में पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल ने कहा कि जब से राजस्थान में भाजपा की सरकार बनी है तब से क्राइम बहुत ज्यादा बढ़ गए हैं। इससे जनता में भय का माहौल बन चुका है। यूआईटी के पूर्व चेयरमैन हाजी मकसूद अहमद ने कहा कि इस पर्ची सरकार के कारण आज राजस्थान की जनता अपने घरों में बैठने को मजबूर है, कब उनके साथ क्या घटना हो जाए यह कोई नहीं बता सकता। महिला अध्यक्ष शांति बेनीवाल ने कहा कि भाजपा के राज में महिलाएं बच्चियां सुरक्षित नहीं है। कानून व्यवस्था बेपटरी पर है। ओबीसी विभाग के प्रदेश सचिव मनोज चौधरी ने बताया कि राजस्थान में लूट, हत्या, बलात्कार, डकैती जैसे मामले आम हो गए अब जो थानों पर स्लोगन लिखा है आमजन में विश्वास और अपराधियों भय का उल्टा हो गया है अब तो अपराधियों में विश्वास और आमजन में भय है। चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टर पी. के. शरीन ने कहा कि जो मुजरिमों को फैसला सुनाते हैं वही सुरक्षित नहीं है तो आम आदमी कैसे सुरक्षित होगा। इस कार्यक्रम में जयदीप सिंह जावा प्रदेश महासचिव सोशल मीडिया विभाग, नितिन वत्सस पूर्व संगठन महासचिव, गोपीराम बिश्नोई मंडल अध्यक्ष, गोवर्धन लाल मीणा एसटी मोर्चा अध्यक्ष, अर्जुनराम कूकना, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आशा देवी स्वामी, युनूस अली महासचिव, अब्दुल रहमान लोदरा, हंसराज बिश्नोई, दुलाराम बेनीवाल, भागीरथ भांभू, भीखाराम मेघवाल सचिव यूथ कांग्रेस, अंकुर शुक्ला एडवोकेट, एजाज पठान, अहमद अली भाटी, कुलदीप भोजक, दिनेश मीणा, मुरलीधर पन्नू देहात कांग्रेस सेवादल, डॉक्टर हैदर मिर्जा बेग, एडवोकेट जितेन्द्र शर्मा, एडवोकेट जितेन्द्र नायक, एडवोकेट संजय गोयल, राजेश पूनिया, टिकुराम मेषवंशी, विकास रावत आदि ने मौन व्रत रखकर अपना विरोध दर्ज करवाया।

### 21 कुण्डात्मक रूद्रचंडी महायज्ञ 30 से




**पंडित राजेन्द्र किराडू ने 21 कुण्डात्मक रूद्रचंडी महायज्ञ के बैनर का विमोचन किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। संस्कृति व संस्कारों की रक्षा के उद्देश्य से पं बाबूलाल शास्त्री ज्योतिष बोध संस्थान के तत्वावधान में 21 कुण्डात्मक रूद्रचंडी महायज्ञ एवं सवा करोड़ शिवशक्ति मंत्र अनुष्ठान का आयोजन 30 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक अमरेश्वर महादेव मंदिर हर्षोलाव तालाब परिसर में किया जायेगा। पत्रकारों को जानकारी देते हुए संस्थान के पंडित राजेन्द्र किराडू ने बताया कि 21 जजमान सम्मलित होंगे। 108 वैदिक पंडित यज्ञ सम्पन्न करवायेंगे। किराडू ने बताया कि रूद्रचंडी महायज्ञ में 11 यजमान प्रवासी बीकानेरी होंगे। जो मुंबई, दिल्ली, सूरत सहित अनेक स्थानों से आ रहे हैं। वहीं शेष यजमान जिले के होंगे। इसके अलावा भी कोई भी धार्मिक अनुयायी भी यज्ञ में आहुति दे सकेगा। किराडू ने बताया कि पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में नित्य अक्षतार्चन, पुष्पार्चन, बिल्वार्चन, कमलार्चन, भस्मार्चन, मंत्र पुरश्चरण,दीपदान व शाम को संगीतय आरती होगी। साथ ही प्रतिदिन एक संतश्री का प्रवचन भी होगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान ऋषिकेश से विशोकानंद महाराज, बनारस से सर्वेश्वरानंद महाराज, श्रीधर महाराज, सत्यनाथ महाराज, विमर्शानंद महाराज, श्यामसुंदर महाराज का आगमन होगा। इस दौरान श्यामसुंदर महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के साथ ध्वज पूजन करवाया गया। साथ ही बैनर का विमोचन भी किया गया। इस मौके पर अमरेश्वर महादेव ट्रस्ट के ओकारनाथ हर्ष, सुशील किराडू, अशोक, विमल किराडू सहित बड़ी संख्या में वैदिक ब्राह्मण मौजूद थे।

### खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया

**कोलायत,** (कासं)। यहा चल रही श्री कपिल मुनि नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में क्षेत्रीय विधायक अंशुमान सिंह भाटी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं को नशे से दूर रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। विधायक भाटी ने जोर दिया कि खेलों से न केवल अनुशासन और आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि आपसी भाईचारा भी मजबूत होता है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी असीम खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता पर बल दिया। भाटी ने आश्वासन दिया कि कोलायत में खिलाड़ियों के लिए जल्द ही एक आधुनिक खेल मैदान का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा हो चुकी है और शीघ्र ही इस दिशा में कार्रवाई शुरू की जायेगी। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करती हैं।

# 2024 के बजट में जिन सड़कों को बनाया जाना था अभी तक नहीं बनी

**बीकानेर,** (कासं)। प्रशासन ने इस साल 100 करोड़ की सड़कें बनाने का प्लान तैयार किया है। उस पर काम की शुरूआत भी हो गई लेकिन कलेक्टर और संभागीय आयुक्त की दी गई समय की मियाद लगातार टूट रही है। पहले दीवाली तक चलने लायक सड़कें बनाने का दावा किया, जो पूरा नहीं हुआ। अब 30 नवम्बर तक डामर की सड़कों का काम पूरा करने का लक्ष्य है और इस पर भी सवाल है। सवाल इसलिए क्योंकि 2024 के बजट में जिन सड़कों को बनाया जाना था अब तक नहीं बनी।

दरअसल 2024 के बजट में बीकानेर पूर्व और पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए 8 करोड़ रूपए मिले थे। इससे पूर्व और पश्चिम की 16 सड़कें बनाई जानी थी। इसमें से 3 सड़कें पूर्व विधानसभा क्षेत्र और 13 पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की शामिल थी। हैरानी होगी जानकर कि बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र की तीनों सड़कें बन

- **सरकार का 100 करोड़ की सड़कें बनाने का प्लान तैयार**
- **बीकानेर पश्चिम क्षेत्र की 3 सड़कों का काम अब शुरू हुआ, 10 सड़कें अभी बाकी है**

गई मगर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की 3 सड़कों का काम अब शुरू हुआ है।

10 अभी भी शुरू होनी बाकी हैं। इसमें से 6 सड़कें बंगलानगर इलाके की हैं जिनके टेंडर दोबारा किए गए थे। इसके अलावा 2 सड़कें करमीसर और 2 सड़कें गंगाशहर इलाके की शामिल हैं। जिनके बनने का इंतजार अभी भी है। पूर्व विधानसभा क्षेत्र की तीनों ही सड़कें बन गई तो यहां की विधायक का ना बोलना तो समझ भी आता है मगर बीकानेर पश्चिम विधायक लगातार सड़कों को लेकर स्थानीय अभियंताओं से लेकर जयपुर तक चक्कर लगाकर आये मगर उनकी विधानसभा क्षेत्र की सड़कें अभी भी अधूरी हैं।

एमएन हॉस्पिटल से कीर्ति स्तंभ चौराहे तक फोर लेन सड़क है। बीच में डिवाइडर है। ये पूरी सड़क कीर्ति स्तंभ से भुट्टों के चौराहे तक जाती है। पूरी जगह भी है। एक साइड की सड़क पूरी तरह टूट गई तो पीडब्लयूडी ने इसे बनाने के लिए लिस्ट में शामिल किया मगर डिवाइडर और दूसरी साइड की सड़क फिर छोड़ने की योजना है। क्योंकि दूसरी साइड कई तरह के कब्जे हैं। हालांकि कुछ समय पहले कब्जे हटाए जा चुके थे मगर अब अगर डिवाइडर समेत दोनों साइड सड़क नहीं बनी तो कब्जे स्थायी होने का डर है। यूं लग रहा मानो प्रशासन जानबूझकर कब्जों को बनाए रखना चाहता है।

## नशे में वाहन चलाने वालों के चालान काटे

**नापासर,**(निसं)। पुलिस ने बीकानेर सड़क स्थित रेलवे फाटक पर सघन नाकाबंदी कर वाहनों की गहन जांच की। इस दौरान नशे में वाहन चलाने वालों और यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

एएसआई कवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आने-जाने वाले वाहनों को रोककर जांच की। नशे में वाहन चलाने वाले चालकों की जांच के साथ-साथ, बिना हेलमेट और आवश्यक दस्तावेज के वाहन चलाने वाले दोपहिया चालकों के मौके पर ही मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान काटे गए। थाना अधिकारी लक्ष्मण सुथार ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान नशे में वाहन चलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। थानाधिकारी ने कहा कि इसका उद्देश्य सड़क हादसों पर अंकुश लगाना है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जायेंगे।

# बिजली कनेक्शन काटने गए कर्मियों से मारपीट

**बीकानेर,** (कासं)। बांद्रा बास क्षेत्र में एक घर में बिजली कनेक्शन काटने पहुंचे बिजली कंपनी के संविदा कर्मियों के साथ मारपीट की गई। उधर दूसरे पक्ष ने इन कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया है। फिलहाल दोनों पक्ष कोटगेट थाने में पहुंचे हुए हैं।

बिजली कंपनी बीकेईएसएल के बकाया बिल पर बिजली काटने का ठेका दिया गया है। इसी ठेकेदार से जुड़े कर्मचारी बिट्ठल जोशी पुत्र बृजरतन निवासी जोशीवाडा, दिनेश पुत्र मनफूल राम निवासी पांच नंबर रोड गंगा शहर, शोएब पुत्र मो. शरीफ निवासी बांद्रा बास कनेक्शन काटने के लिए गए थे। इस दौरान पक्षों में विवाद हो गया। इन तीनों ने कोटगेट थाने में शिकायत दी है कि उनके साथ मारपीट की गई।

ये लोग संतोष मारू के घर बिजली का कनेक्शन काटने गए थे। आरोप है कि किशन मारू, मुकेश मारू, संतोष ने मारपीट की। वहीं संतोष मारू का आरोप है कि ठेकेदार के

- **दोनों पक्ष कोटगेट थाने में पहुंचे, दोनों ने शिकायत दी**
- **दूसरे पक्ष ने भी कर्मचारियों द्वारा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया**

कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की। संतोष मारू ने भी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है।

बीकेईएसएल कंपनी इन दिनों हर गली-मोहल्ले में बकाया होने पर बिजली कनेक्शन काट रही है। कंपनी ने इस काम के लिए प्राइवेट फर्म को काम दिया है। इस फर्म के कर्मचारी बकाया की लिस्ट लेकर पहुंचते हैं। वहां कनेक्शन काटकर निकल जाते हैं। कई बार बकाया जमा कराने के लिए समय भी देते हैं। इससे पहले कसाईयों की बारी क्षेत्र में भी कनेक्शन काटने के नाम पर झगड़ा हुआ था।

# दुकान में आग लगने से 35 लाख का नुकसान

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शॉर्ट-सर्किट के कारण एक साड़ी की दुकान में आग लगने से दुकान में पड़ा लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की 2 गाडियां मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। आशंका जताई जा रही है कि एसी और इन्वर्टर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। दुकान मालिक विशाल अरोड़ा ने बताया कि शहर में इंदिरा कॉलोनी की गली नं-2 में मैन रोड पर उनकी श्री सालासर बालाजी साड़ी सेंटर के नाम से दुकान है। सुबह 11 बजे अचानक दुकान में आग लग गई। दुकान से आग की लपटें और धुआं निकलने लगा। इसके बाद फायर ब्रिगेड व जवाहर नगर थाना पुलिस को सूचना दी गई।

- **घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की 2 गाडियां मौके पर पहुंची, आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया**

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से दुकान में रखी करीब 35 लाख रूपए की साड़ियां, कपड़े व सामान जलकर राख हो गया। संभावना है कि दुकान में रखी एसी या इनवर्टर में शॉर्ट-सर्किट होने के कारण आग लगी हो। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है।

## ऑटो टिपर खराब, देशनोक में कचरे के ढेर

**देशनोक,** (कासं)। देशनोक कस्बे में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर पालिका क्षेत्र के अधिकांश वार्डों और गलियों में कचरे के ढेर लगे हैं।

बता दें कि नगर पालिका के सफाई वाहनों का खराब होना है। कुल 10 ऑटो टिपर में से 9 वाहन खराब पड़े हैं। इसके अलावा, जेसीबी मशीन भी बंद है। ऑटो टिपर में इंजन, क्लच प्लेट और सेल्फ स्टार्ट जैसी तकनीकी खराबी के कारण घर-घर कचरा संग्रहण पूरी तरह ठप हो गया है। नवरात्रि से पहले पांच ऑटो टिपर खराब थे, जिनकी समय पर मरम्मत नहीं होने से अब नौ वाहन निष्क्रिय हो गए हैं। कस्बेवासियों का कहना है कि सफाई व्यवस्था बिगड़ने के बावजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। खराब वाहनों को ठीक कराने की मांग की।

# इस साल बीकानेर में डेंगू पर नियंत्रण, 30 प्रतिशत की कमी

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में इस साल डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जनवरी 2025 से 20 अक्टूबर तक जिले में 364 डेंगू मरीज रिपोर्ट हुए हैं। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 471 थी। यह कमी जिले में स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और जनजागरूकता अभियानों की संयुक्त कार्रवाई का परिणाम मानी जा रही है।

अक्टूबर माह में अब तक 189 मरीज पॉजिटिव आए हैं। जबकि 21 अक्टूबर के बाद जांच करवाने वाले मरीजों की रिपोर्ट शनिवार को जारी होगी। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वर्ष 2024 में कुल 24,735 मरीजों की जांच की गई थी, जिसमें 1,058 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए थे। वहीं इस साल 1 जनवरी से अब तक कुल 364

- **जनवरी 2025 से 20 अक्टूबर तक जिले में 364 डेंगू मरीज रिपोर्ट हुए हैं। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 471 थी**

मरीजों की पुष्टि हुई है, जो पिछले साल की तुलना में करीब 65 प्रतिशत कम है। जिले में सबसे अधिक मामले बीकानेर शहरी क्षेत्र में सामने आए हैं, जहां 136 पॉजिटिव केस दर्ज हुए हैं। सबसे कम 3 मरीज ग्रामीण क्षेत्र बज्जू में रिपोर्ट हुए हैं। हाई रिस्क एरिया में सर्वोदय बस्ती, बंगलानगर, रानी बाजार, चौधरी कॉलोनी, मोहता सराय, बड़ा बाजार, तिलक नगर और बीएसएफ कैम्पस शामिल हैं।

जिला स्वास्थ्य विभाग ने इस वर्ष गर्मी की शुरूआत से ही फॉगिंग, सर्वे और जल जमाव निवारण अभियान चलाए थे। हाउस-टू-हाउस सर्वे टीमों ने लगभग हर वार्ड में जाकर लार्वा जांच और नष्टिकरण कार्य किया। स्कूलों, कार्यालयों और मोहल्लों में डेंगू से डर नहीं, सतर्कता जरूरी अभियान के तहत लोगों को पानी के बर्तनों, कूलरों और गमलों में जमा पानी को हर 7 दिन में बदलने की सलाह दी गई। डेंगू के मामलों में कमी के साथ-साथ मलेरिया में भी गिरावट देखी गई। इस साल लगभग 2.5 लाख लोगों की जांच में केवल 20 मरीज पॉजिटिव मिले, जबकि पिछले साल इस अवधि में 84 मरीज सामने आये थे।

# महिला जज के साथ लूटपाट करने के मामले में गिरफ्तार युवक की परेड़

**बीकानेर,**(कासं)। कलेक्टर आवास के पास महिला जज के साथ लूटपाट करने के मामले में गिरफ्तार युवक की पुलिस ने शनिवार दोपहर परेड करवाई। गिरफ्तार कुशल मेहरा के एक पैर में प्लास्टर बंधा हुआ था। उसे मौका मुआयना करवाने के लिए उसी जगह पर लाया गया जहां उसने लूट की थी।

सदर थानाधिकारी दिगपाल सिंह ने बताया कि युवक कुशल मेहरा ने महिला जज पूजा जनागल के साथ लूटपाट की थी। पूजा के पिता श्रवण जनागल ने इस संबंध में थाने में मामला दर्ज कराया था। कुशल ने ही पहले महिला अधिकारी की बाइक को लात मारकर गिराया और बाद में नीचे गिरने पर उनके गले से सोने चैन छीन ली। महिला अधिकारी की ठुड्डी पर चोट लगी, वहीं एक दांत भी टूट गया।

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया। एडिशनल एसपी सौरभ



**प्रशिक्षु महिला जज के साथ लूटपाट मामले में गिरफ्तार युवक के पैर में प्लास्टर बंधा है, उसे मौका मुआयना के लिए तस्दीक कराया।**

तिवाड़ी के निर्देशन में सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे देखने के बाद पुलिस ने कुशल मेहरा को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस उसे लेकर मौके पर पहुंची जहां उसने घटना को अंजाम दिया था। उसने जो जगह बताई

- **युवक कुशल मेहरा ने महिला जज पूजा जनागल के साथ लूटपाट की थी**
- **महिला अधिकारी को बाइक से गिराया दांत टूटा, उसकी सोने की चैन छीन ली थी**

वहीं पर लूट की रिपोर्ट दी गई थी। उसे अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड लिया गया है ताकि कुछ और घटनाओं का पर्दाफाश हो सके। पुलिस मौका तस्दीक के लिए कुशल को लेकर पहुंची तो उसके पैर में चोट लगी हुई थी। उसके एक पैर में ऊपर तक प्लास्टर बंधा हुआ था। उसके चोट कैसे लगी इस बारे में पुलिस ने कोई जानकारी नहीं दी है।

**युवक की सऊदी अरब में मौत :** श्रीगंगानगर के युवक की सऊदी अरब में ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। हादसा दीपावली के दिन 21 अक्टूबर को हुआ। इसके बाद घर में त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई। युवक छुट्टी के बाद जुलाई में सऊदी अरब गया था। वह जेद्दाह दमाम शहर में ग्लोबल ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चलाता था। युवक के भाई सिमरजीत सिंह (25) ने बताया कि बड़ा भाई गुरकीर्तन सिंह (28) निवासी 9 एच (श्रीगंगानगर) वर्क वीजा पर सऊदी अरब के जेद्दाह दमाम शहर में ग्लोबल ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक चलाता था। दीपावली के दिन गुरकीर्तन दमाम में ट्रक में माल लोडिंग कर रहा था। तभी अचानक गुरकीर्तन दूसरे ट्रक की चपेट में आ गया।

## नहर में तैरता मिला बुजुर्ग का शव

**रायसिंहनगर,** (कासं)। गांव 23 पीएस में शनिवार देर शाम नहर में 70 वर्षीय बुजुर्ग का शव तैरता हुआ मिला। यह घटना उस वक्त हुई जब महिलाएं छठ पूजा की तैयारी कर रही थी।

शव को देखकर महिलाओं में चीख-पुकार मच गई और मौके पर भगदड़ मच गई। मृतक की पहचान श्रीगंगानगर निवासी तेजा सिंह पुत्र जांगीर सिंह के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार तेजा सिंह श्रीगंगानगर से बस की ओर से घड़साना स्थित अपनी जमीन की देखरेख के लिए जा रहे थे। रास्ते में रायसिंहनगर बस स्टैंड पर उतरे और पास की नहर पुलिया के नजदीक उनका पैर फिसल गया, जिससे वे नहर में गिर गए। गहरे पानी में गिरने से उनकी मौत हो गई। शाम होते-होते तेजा सिंह का शव नहर के बहाव में बहकर गांव 23 पीएस पहुंच गया, जहां महिलाएं छठ पूजा की तैयारी कर रही थी। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2025/4437 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24/10/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 26 के किला नं. 01, 10 में भूखण्ड संख्या 06 का माप 25'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती सरिता वधवा पत्नी श्री कौशल वधवा निवासी 6-डी-45 जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सरिता वधवा पत्नी श्री कौशल वधवा निवासी 6-डी-45 जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 26 के किला नं. 01, 10 में भूखण्ड संख्या 06 का माप 25'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2025/4436 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24/10/2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 26 के किला नं. 01, 10 में भूखण्ड संख्या 07 का माप 25'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती सरिता वधवा पत्नी श्री कौशल वधवा निवासी 6-डी-45 जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सरिता वधवा पत्नी श्री कौशल वधवा निवासी 6-डी-45 जवाहर नगर श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 26 के किला नं. 01, 10 में भूखण्ड संख्या 07 का माप 25'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2025/RajKaj Ref No.: 18435580 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18-10-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 3/4 के किला नं. 21 में भूखण्ड संख्या का माप 15'गुणा 55'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्रीमती निर्मला कँवर पत्नी श्री इन्द्र सिंह निवासी चक 3 ई छोटी नागौरी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती निर्मला कँवर पत्नी श्री इन्द्र सिंह निवासी चक 3 ई छोटी नागौरी कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 3/4 के किला नं. 21 में भूखण्ड संख्या का माप 15'गुणा 55'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। RajKaj Ref No.: 18435580 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर